OFFICE OF THE DIR (Plg.)
MPR/TC, D.D.A. N. DELHI-2
Dy.No. 1739
Dated 21/2/12

सयोंजक, मिशन : नागरिक अधिकार
उपप्रधान, ट्रे.वै.एसो.प्र. विहार
सचिव, प्र.वि.शा.ए.वै.एसो.
का सदस्य, प्र.वि.वै.सो.
का. सदस्यं, डी.मा.ट्रे.वै.एसो.
सदस्य, बलप्रदा, (रजि.)
का. सदस्य, यू.सी.पी.ओरगे.
सदस्य, वायस (वोल्येंटरी ओरगेनाइजेशन इन इन्ट्रस्ट ऑफ कंजयूमर एजूकेशन)

**यशपाल**
का0 पता : 28, बी–ब्लाक मार्किट (हर्ष मार्किट) प्रशांत विहार, दिल्ली–110085
मो0 : 9818702630

Commr. (Plg) - II 569
Diary No.
Date 13/2/2012

1. श्री कमलनाथ जी,
   माननीय केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार
   कमरा नं0 शहरी विकास मंत्रालय
   निर्माण भवन नई दिल्ली–110001

2. आयुक्त (योजना) – II
   दिल्ली विकास प्राधिकरण

O.S.D. (F)
Diary No. 922
Date 16.2.12

**विषयः– जनहित को ध्यान में रखते हुए मास्टर प्लान 2021 में संशोधन/सुधार (रिव्यू) के सम्बन्ध में कुछ महत्वपूर्ण सुझाव :–**

**विनम्र निवेदन : आप स्वयं इसे, अवश्य पढ़े।**

महोदय,

पिछले तीनों मास्टर प्लानों के विश्लेषण के परिणाम, कमियों एवं वास्तविक स्थिति के आधार पर आवश्यकता को देखते हुए मास्टर प्लान 2021 में सुधार करने का समयानुसार प्रयास किया जा रहा है जिसका मैं स्वागत करता हूँ और यह भी बताना चाहता हूँ कि इस सम्बन्ध में कोई सार्वजनिक सूचना मुझे अब तक देखने को नहीं मिली है सर्वप्रथम मैं यह बताना जरूरी समझता हूं कि मास्टर प्लान 2021 का हिन्दी संस्करण जनता को उपलब्ध नहीं है, जिस कारण उसे समझना एवं सही सुझाव आदि देना, अंग्रेजी ना समझने वाली जनता के लिए एक बहुत बड़ी समस्या है। इसमें जनता की भागीदारी की आवश्यकता के साथ साथ कुछ अन्य मुख्य तथ्यों पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जिनमें विशेष रूप से बीते समय में मास्टर प्लानों के विश्लेषण के परिणामों में बढ़ती जनसंख्या के बारे में योजनाकारों का गलत आकंलन, जनता की

आवश्यकताओं के अनुसार योजनाओं की कमी, योजनाओं का समय पर पूरा न होना, समस्याओं के निपटान में सरकार की ढुलमुल नीति, योजनाओं की जांच व देखभाल में कमी तथा नियमों के कार्यान्वयन की जांच व ठीक से पालन न कराया जाना एवं प्रशासन में जवाबदेही की कमी है और इनमें भी सबसे ज्यादा प्रशासनिक / अफसरशाही ने नियम कायदों का पालन कराने में लापरवाही बरती तथा अपनी शक्तियों का सही इस्तेमाल नहीं किया, नतीजा यह हुआ कि एक अव्यवस्थित व स्लम दिल्ली उभर कर सामने आई और नागरिकों को अनगिनत समस्याओं से समझौता करना पड़ा जिससे एक सुंदर व आदर्श राजधानी का सपना चूर–चूर हो गया।

चूंकि मैं कई एसोसिएशनों/संस्थाओं से जुडा हूं अतः मैं सुझावों से पहले सभी सम्बन्धित वर्गों के पक्षों के साथ–साथ जमीनी हकीकत भी आपके सम्मुख रखना अपना कर्त्तव्य समझता हूं। जिसे आपके एवं सभी सम्बन्धित अधिकारीगणों की जानकारी में लाया जाना अति आवश्यक है, जिसका विवरण निम्न लिखित है :–

1. हमारे योजनाकार एवं प्रशासन दिल्ली के नागरिकों/दुकानदारों को उनकी आवश्यकता एवं मांग के अनुसार समय–2 पर सुविधाएं इनफ्रा–स्ट्रक्चर, बिजली, पानी, सार्वजनिक परिवहन एवं भवन नियमों में रियायत दिलाने में असफल रहा है एवं हमारे नेताओं ने भी इस ओर विशेष ध्यान नहीं दिया जिसका स्पष्ट उदाहरण है कि कोई भी मास्टर प्लान एवं जोनल प्लान निश्चित समय पर नहीं अधिसूचित हुए तथा अधिसूचित होने के पश्चात समयानुसार उनका पालन भी ठीक से नहीं हुआ है जिसका परिणाम विभिन्न समस्याओं सहित अनियोजित दिल्ली, एवं अवैध निर्माण तथा अवैध कालोनियों के रूप में आपके सामने है। मास्टर प्लान 2021 को अधिसूचित करते समय यह दावा किया जाता था कि सभी समस्याएँ समाप्त हो जाएगी जबकि उसके बाद भी लगभग 50 संशोधन हो चुके है परन्तु राजधानी की समस्याएँ ज्यों कि त्यों बनी हुई हैं।

2. क. एक पक्ष में वह लोग हैं जिन्होंने बढ़ते परिवार की मांग के अनुसार दिल्ली में भूमि की महंगी दर तथा सीमित आमदनी के कारण अपने मकानों में कुछ अतिरिक्त निर्माण अथवा दुकान बना के गुजारा कर लिया। यह अतिरिक्त निर्माण करने वाले लोग आज भुक्तभोगी की श्रेणी में हैं। यह जनता की जरूरत के अनुसार उनको समय पर भवन नियमों में रियायतें न मिलने के कारण हो रहा है। यदि जनता की जरूरत एवं मांग

के अनुसार उन्हें सरकार द्वारा रोजगार, स्थानीय बाजार एवं रहने के स्थान को समय पर उपलब्ध करा देती तो आज यह स्थिति न होती।

ख. एक पक्ष उन लोगों का है जिन्होंने प्राइवेट बिल्डरों से बने बनाये मकान/फ्लैट खरीदे जो कि अधिक से अधिक मुनाफा कमाने की चाह में सभी भवन नियमों को ताक कर रखकर बनाए गये थे तथा उन मासूम लोगों को बेचे गये थे जिन्हें वास्तव में नियमों की जानकारी नहीं थी। ऐसे मासूम लोग भी आज भुक्तभोगी की श्रेणी में हैं।

3. एक पक्ष यह है कि हमारे अधिकारीगण जो कि बनाये गये नियमों/कानूनों/नीतियों को सही तरह से लागू नहीं करवा पाए और न ही इनके पालन कराने में जांच के कार्य को सही रूप से किया गया और न ही जनता की जरूरत के अनुसार योजनाओं को सही समय पर बनाया एवं लागू कराया गया, इसका कारण तो ये लोग स्वयं ही जानते होंगे जिसके परिणाम आप सबके सामने हैं और उसका खामियाजा जनता को ही भुगतना पड़ रहा है। जिसमें जनता की सम्पत्ति, जनता के ही पैसों से दिल्ली नगर निगम / डी.डी.ए. द्वारा सील अथवा तोड़ी जा रही है। यदि प्रारंभ में ही सम्बन्धित विभाग अवैध निर्माण / भूमि दुरूपयोग को रोकते तो आज यह नौबत न आती।

4. एक पक्ष ऐसा भी है जो पहले ही शोषित / भुक्त भोगी रहा है। ये वह लोग है जिन्होंने दिल्ली विकास प्राधिकरण की मार्किटों में ऊँची बोली पर दुकानें ली। वह या तो आबादी से पहले ही बना दी गई तो वह चली नहीं या फिर इतनी देर से बनाई गई कि दिल्ली विकास प्राधिकरण की मार्किटों के बसने से पहले ही निवासियों की मांग पर घरों में दुकानें बन गई व चलने लगी। परिणामस्वरूप डी.डी.ए. मार्किटों में अधिकतर दुकानें खुलकर न चलने के कारण बन्द हो गई।

यदि कुछ मार्किटें चलती भी हैं तो उन कानून का आदर करने वाले नागरिकों पर डी.डी.ए. का कमर्शियल एस्टेट विभाग इतने कड़े नियम लाद देता है और डी.डी.ए. द्वारा भरपूर लाभ कमाने व दुकानदारों द्वारा सभी शुल्क देने के बावजूद भी किसी प्रकार की सुविधाएं / रियायत नहीं देता तथा उनको भवन नियमों के तहत एडीशन आलट्रेशन भी नहीं करने दिया जाता जबकि उँनकी लीज–डीड एवं कन्वेंस डीड में भवन नियमों के पालन की / एडीशन अलट्रेशन की इजाजत भी होती है। परिणामस्वरूप उनका शोषण लगातार कई प्रकार से हो रहा है। इन दुकानदारों के पक्ष

पर विशेष ध्यान देने, इन्हें आर्थिक क्षतिपूर्ति, सुविधाएं एवं भवन नियमों मे विशेष रियायतें देने की आवश्यकता है।

5. इसमें एक मुख्य पक्ष यह भी है कि जिन्होंने रोजगार के आसानी से उपलब्ध न होने के कारण, साधन सीमित होने के कारण अपने बढते हुए परिवार के जीवन यापन के लिये तथा स्थानीय क्षेत्र में समय पर मार्किट उपलब्ध न होने के कारण जनता की मांग पर अपने ही मकान के कुछ भाग में व्यावसायिक गतिविधियां खोल दी या आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण / किन्हीं अपरिहार्य कारणों से / किसी मजबूरी में (जैसे बच्चों की शादी / पढ़ाई / कर्ज आदि) में पैसे की जरूरत को पूरा करने के उद्देश्य से सम्पति का कुछ भाग बेच दिया और खरीदार ने स्थानीय जरूरत के अनुसार व्यवसायिक उपयोग प्रारम्भ कर दिया। ऐसे भुक्त भोगियों के पक्ष को भी नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिये। उन्होंने रोजगार के सीमित साधनों के फलस्वरूप स्व–रोजगार को ही बढ़ावा दिया है तथा सरकार एवं समाज के बोझ को कम किया।

इसी संदर्भ में एक पक्ष यह भी है कि इन घरों में बनी दुकानों पर समय की पाबन्दी तथा प्रदूषण / बदबू फैलाने वाले कार्यों जिसमें जलाना, उबालना, तलना, भूनना तथा आग का प्रयोग तथा सामान बाहर रखने से समस्या, आदि शामिल हैं, से स्थानीय निवासियों को होने वाली परेशानी तथा व्यवसायिक उपयोग करने वाले भवन के निवासी की परेशानी को भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

6. एक पक्ष वह है जिसमें बिल्डरों ने रिहायशी इलाकों में रिहायशी प्लाटों एवं फ्लेटों में बडी–बडी इमारतें/शोरूम आदि भारी पैसा कमाने के लिये खड़े करके बेच दिए और सभी नियमों को पूरी तरह ताक पर रख दिया।

7. एक पक्ष ऐसा भी है जिसने डी.डी.ए. द्वारा ऊँची दरों पर बेची गई भूमि पर प्राइवेट बिल्डरों द्वारा बनाई गई मार्किटों में दुकानें ली हुई हैं जो कि बिल्डरों द्वारा मनमानी कीमतों पर बेची गई तथा कानून का सम्मान करने वाले नागरिकों ने इन्हें खरीदना बेहतर समझा इसलिए इनको ऊँची कीमतों में खरीदा। अधिकृत मार्किटों के दुकानदार होने के बावजूद भी उनका शोषण होता रहता है।

इस संदर्भ में इसके कारणों पर ध्यान देने तथा उसके दुष्परिणामों से आम जनता/खरीदारों को बचाने के उपायों/खरीदारों के अधिकार उनको दिलवाने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। क्योंकि खरीदार तो इन मार्किटों के वैध होने के कारण इनमें महंगी दरों पर सम्पति खरीदतें हैं, परंतु यदि बिल्डरों ने कोई अवैध निर्माण या भवन नियमों का उल्लंघन किया होता है तो जिसके बारे में खरीदार को कोई नहीं बताता, ना तो बिल्डर एव ना ही डी.डी.ए.। उस स्थिति में उसके दुष्परिणाम उस खरीदार को ही भुगतने पड़ते है। ऐसी स्थिति में उस सम्पतिधारक को अपनी सम्पति के बारे में सम्बन्धित विभाग से जानकारी लेने तथा यदि सम्पति अवैध है तो उसे वैध कराने की छूट होनी चाहिये जिसका कि वास्तव में उसने पूरा मूल्य बिल्डर को चुकाया होता है एवं वह उसका वास्तविक स्वामी होता है। कहने को तो वे दुकान के मालिक होते हैं, उनसे सभी प्रकार के मनमाने शुल्क बिल्डर के अतिरिक्त डी.डी.ए एवं दिल्ली नगर निगम भी लेता है परंतु उनको सुविधायें देने के लिये कोई तैयार नहीं होता और उन दुकानदारों (उपभोक्ताओं) के अधिकारों का हनन लगातार होता रहता है। कई बार बिल्डर उन पर अपने मनमाने नियम थोपते हैं क्योंकि डी.डी.ए का इन बिल्डरों पर कोई अंकुश नहीं होता और इन दुकानदारों / उपभोक्तओं को किसी भी तरह की इजाजत के लिये या सम्पत्ति को फ्री–होल्ड कराने के लिए बिल्डर पर आश्रित होना पड़ता है एवं उक्त सम्पत्ति का भारी मूल्य चुकाने के बावजूद भी सम्पत्तिधारक को पूरी तरह से मालिकाना हक नहीं मिलता, क्योंकि डी.डी.ए द्वारा इन सम्पत्तिधारकों /उपभोक्ताओं के संरक्षण के लिये कोई दिशा–निर्देश नहीं है।

आजकल तो कई प्राइवेट बिल्डरों द्वारा इन अधिकृत मार्किटों में भी अवैध निर्माण करके उनको भोली–भाली जनता को बेचने का धंधा जोरो से चल रहा है तथा इन खरीदारों को मान्य नक्शों एवं दस्तावेजों की प्रति नहीं दिखाई और ना ही दी जाती है तथा डी.डी.ए. भी इनको संरक्षण नहीं देता। इन अधिकृत मार्किटों / कम्पलैक्सों / मालों में हो रहे अवैध निर्माणों जैसे आने–जाने का रास्ता, शौचालय, मूत्रालय आदि के स्थान पर दुकानें बनाकर बेचने के कारण इसके खरीदारों को धोखाधडी से ठगा जा रहा है और ये बेचारे मासूम खरीददार कुछ नहीं कर पा रहे हैं। इन अवैध निर्माणों का बुरा प्रभाव प्राकृतिक आपदा जैसे आग, भूकंप आदि के समय जनता के ऊपर भी पड़ता है। उदाहरण स्वरूप उपहार सिनेमा कांड जो कि 13.06.1997 में हुआ था और उसके बाद इस प्रकार के कई उदाहरण हैं जिनमें नियमों के उल्लंघन के कारण सैंकडों नागरिक मर चुके हैं व

घायल हो चुके हैं। इस संदर्भ में नागरिकों एवं सम्पति खरीदारों के संरक्षण, व्यवस्था में सुधार एवं जरूरी नियम बनाने की आवश्यकता है।

8. एक महत्वपूर्ण तथ्य के अनुसार दिल्ली में विभिन्न राज्यों से आई/बढती जनसंख्या के रहने के लिये उचित दर निवास व्यवस्था एवं भूमाफिया के लाभ तथा वोट बैंक की राजनीति के चलते दिल्ली में भारी मात्रा में सरकारी भूमि पर कब्जे कराकर अवैध कालोनियां बसवा दी जाती हैं जो राजधानी की समस्याओं को बहुत तेजी से बिगाडती जा रही हैं इस परिपाटी पर लगाम कसने की बजाये प्रशासन/सरकार वोट बैंक के संरक्षण हेतु ऐसी अवैध कालोनियों एवं कब्जों को नियमित करने की दिशा में अग्रसर है और उसके साथ साथ विभिन्न सुविधाएं देने का भी प्रयास होता रहता है जिससे राजधानी का आदर्श विकास प्रभावित होने के साथ साथ विभिन्न रूप से टैक्स देने वाली जनता को अनावश्यक रूप से टैक्स के रूप में आर्थिक दण्ड देना पडता है जिससे कानून प्रिय नागरिकों का आम जीवन तो प्रभावित होता ही है उसका आर्थिक शोषण भी होता रहता है। ऐसी अवैध कालोनियों के मामलों में कठोर रूख अपनाने की आवश्यकता है।

9. गांवों के लाल डोरा क्षेत्रों में भी विभिन्न प्रकार की समस्यायें जैसा कि उपरोक्त क्रम संख्या 5 एवं 6 में वर्णित हैं पर ध्यान देना जरूरी है तथा साथ ही साथ वहां पर पार्किंग, तंग गलियां, निवासियों की सुविधायें एवं सबसे महत्वपूर्ण यदि वहां भवन उप–नियम लागू नहीं किये गये तो किसी भी प्राकृतिक आपदा के समय वहां के निवासी ही भुक्त भोगी होंगें।

10. दिल्ली में धार्मिक स्थानों के संदर्भ में अवैध कब्जों को छोड़कर ऐसे धार्मिक स्थानों एवं आश्रमों को विशेष राहत देने की आवश्यकता है चाहे वह खेती की भूमि को खरीद कर बनाये गये हैं जिसका धार्मिक उद्देश्य से इस्तेमाल हो रहा है और उस पर कोई व्यावसायिक गतिविधियां नहीं हो रहीं।

उपरोक्त लिखित तथ्यों एवं मेरे व्यवहारिक अनुभवों के अनुसार तथा निवासियां एवं दुकानदारों की वास्तविक समस्याओं के आधार पर जनहित को ध्यान में रखते हुए मैं मास्टर प्लान 2021 के सम्बन्ध में कुछ महत्वपूर्ण सुझाव विचारार्थ हेतु नीचे लिख रहा हूं –

1. **धारा 3.2.1 (Green Belt) के सम्बन्ध में :–**
वास्तव में हरित क्षेत्र को बढ़ाने एवं मौजूद क्षेत्र को विशेष रूप से संरक्षण करने की सख्त आवश्यकता है। दिल्ली में बढ़ती जनसंख्या एवं बढ़ते वायु प्रदूषण के दुष्परिणाम स्वरूप जनता के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त हरित क्षेत्र उपलब्ध नहीं है, जो है उसे दिल्ली के विकास के नाम पर भवन निर्माण करके समाप्त किया जा रहा है अतः इस सम्बन्ध में विशेष रूप से आवश्यक कदम उठाकर उनका सरंक्षण सुनिश्चित किया जाना अति आवश्यक है।

2. **धारा 3.3.1 (Redevelopment Strategy) के सम्बन्ध में :–**
सुझाव है कि 4 हेक्टेयर भूमि के मालिक द्वारा पुर्नविकास/पुर्ननिर्माण का जो प्रावधान रखा गया है वह वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार के संसाधनों जैसे कि बिजली, पानी, सीवर, सड़क, परिवहन व्यवस्था, हरित क्षेत्र एवं स्वस्थ वातावरण की उपलब्धता पर आधारित होना चाहिये क्योंकि नागरिकों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है। (कृप्या संलग्न पृष्ठ सं. 1. देखे)

क. **उपधारा 3.3.1.1 (Planned Aras) के सम्बन्ध में :–**
A. Influence Zone along MRTS & Major transport centre **:-** के सम्बंध में मेरा सुझाव है कि डी.डी.ए. की नियमित कालोनियों के साथ के क्षेत्रों में अतिरिक्त कमर्शियल क्षेत्र ना विकसित किये जाये क्योंकि इन नियमित कालोनियों में पहले ही मास्टर प्लान के लैण्ड यूज प्लान के अनुसार पर्याप्त कमर्शियल उपयोग हेतु भूमि स्थान उपलब्ध है

इसी उपधारा के भाग (vii) में डी.डी.ए की नियोजित कालोनियों को भी शामिल किया जाये।

3. **धारा 4.2.2 एवं 4.2.2.1 के सम्बन्ध में :–**
मौजूदा क्षेत्रों का पुर्नविकास असीमित छूट पर आधारित नहीं होना चाहिये तथा स्थानीय क्षेत्र स्थिति एवं संसाधनों की उपलब्धता पर आधारित होना चाहिये। (कृप्या संलग्न पृष्ठ सं. 1. देखे)

4. **धारा 4.2.2.2 की उपधारा B (Unauthorised/Regularised un – colonies) के सम्बन्ध में :–**

(क) अवैध कालोनियाँ एवं झुग्गी झोंपडी क्षेत्र दिल्ली के सम्पूर्ण एवं योजनाबद्व विकास के लिये बहुत बडी समस्या है जिसके लिये मुख्य रूप से हमारे राजनीतिक तंत्र के साथ साथ प्रशासन भी जिम्मेदार है। कई बार यह निर्णय लिया गया है कि भविष्य में नई अवैध कालोनियाँ एवं झुग्गी झोंपडी बस्ती ना बसने दी जाये परंतु नतीजा कुछ नहीं निकला बल्कि इन्हें बढ़ावा ही मिलता रहा है इसके अतिरिक्त इनसे समुचित एवं पर्याप्त मात्रा में विकास शुल्क भी नहीं लिया जाता जिससे कि उस क्षेत्र में पर्याप्त नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके ताकि संसाधनों पर अनावश्यक दबाव न पडे इस सम्बन्ध में मेरा सुझाव है कि सभी सम्बन्धित पक्षों, संभावनाओं, संसाधनों की उपलब्धता, ढांचागत सुरक्षा (स्ट्रक्चरल सेफ्टी) एवं स्वस्थ नागरिक जीवन तथा परिणामों को ध्यान में रखते हुए नीति निर्धारित की जाये तथा ऐसे उपाय एवं सख्त प्रावधान किये जायें कि भविष्य में ऐसी अवैध कालोनियाँ एवं क्षेत्र उत्पन्न एवं विकसित ना हो। इसके अतिरिक्त रोजगार के लिये दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों के लिये न्यूनतम दरों पर घरों का निर्माण सरकार को करना चाहिये।

ख. इनके विकास के लिये तो योजनाएं बन ही रहीं हैं परंतु भविष्य में यह और अधिक न बढें, उसके लिये ठोस उपाय किए जाएं। स्थानीय अफसरों की जवाबदेही निश्चित हो तथा ऐसे कब्जे करने या कराने वालों के लिये दण्ड का प्रावधान हो तथा अल्प / निम्न आय वर्ग / बाहर से आने वाले मजदूर वर्ग के लिये निम्न किराया पद्धति आधार पर निवास उपलब्ध कराने के लिये विशेष ध्यान दिया जाये। (कृप्या संलग्न पृष्ठ सं. 4-5 देखे)

5. **धारा 4.4.3 Control for Building / Buildings with in Residential Premises :**

**A. Residential Plot-Plotted Housing के सम्बन्ध में :–**

(क) 250 मी. तक के प्लाटों की ग्राउंड कवरेज एवं FAR दिनांक 22.09.06 की अधिसूचना में वर्णित ग्राउंड कवरेज एवं FAR के अनुसार की जाये यदि यह संभव ना हो तो इस सीमा तक अब तक बन चुके भवनों की ग्राउन्ड कवरेज एवं FAR अवश्य उपरोक्तानुसार की जानी चाहिये क्योंकि दि0न0नि0 22.09.06 की अधिसूचना का लाभ जनता को नहीं दे पाया है इस सुझाव के मद्देनजर उक्त टेबल के नीचे लिखित नोट्स की उपधारा 2 एवं 4 में भी संशोधन किया जाना चाहिये।

(ख) इसी धारा में वर्णित Terms & Conditions की क्रम सं0 (iv) में वर्णित प्लाटों के उपविभाजन (Sub division) के सम्बन्ध में मेरा सुझाव है

कि उपविभाजन की इजाजत नियमित/डी.डी.ए. कालोनियों में भी दी जानी चाहिये क्योंकि दिल्ली में लाखों सम्पत्तियां उपविभाजित होकर (फ्लोर वाइज / पोरशन वाइज) बिक चुकी है। जिनके कागजों को दिल्ली सरकार / सब रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा रजिस्टर्ड भी किया जा चुका है तथा नि0न0नि0 भी अपने रिकार्ड में उनकी उपस्थिति दर्ज कर चुका है। इसके अतिरिक्त डीडी.ए. ने स्वयं 'मिक्सड् यूज रेग्यूलेशनस' के अन्तर्गत भवन के ग्राउन्ड फ्लोर पर चार दुकानें बनाने की इजाजत दी हुई है अतः अनावश्यक रूप से वाद–विवाद ना पैदा हो इसके लिए 32 मी0 से 250 मी0 तक के प्लाटों पर उपविभाजन की इजाजत देना उपर्युक्त रहेगा।

इसमें एक अन्य महत्वपूर्ण तथ्य ध्यान देने योग्य है कि यह उपविभाजन की इजाजत फ्लोर वाइज सभी सम्पत्तियों पर तथा पोरशन वाइज (ग्राउंड फ्लोर का कुछ भाग) केवल 'मिक्सड यूज रेग्यूलेशनस' के अन्तर्गत नोटिफाइड सडकों (13.5 मी0 से छोटी सड़कों को छोड़कर) पर ही होनी चाहिये, जिससे छोटी सड़कों / कालोनी के आन्तरिक क्षेत्र पर अनावश्यक दबाव न पडे तथा व्यवस्था ना बिगडे। क्योंकि कालोनियों की आन्तरिक गलियों / क्षेत्रों में समस्याएं तेजी से बिगड़ रही हैं।

ग. क्रम सं0 (vi) Basement के सम्बन्ध में मेरा सुझाव है कि 'मिक्सड यूज रेग्यूलेशन' के अन्तर्गत आने वाली नोटिफाईड सडकों पर मौजूद प्लाटों पर बनी सम्पतियों के बेसमेन्ट को एफ0ए0आर0 में नहीं जोडा जाना चाहिये क्योंकि वास्तव में इन पर रिहायशी डेवलपमेन्ट कन्ट्रोल नार्म्स लागू होते हैं जिसके अन्तर्गत बेसमेन्ट एफ0ए0आर0 में नहीं जोडी जाती है।

घ. इसी भाग क्रम सं0 (viii) Parking के सम्बन्ध में मेरा सुझाव है कि :–(1) इस क्रम सं0 में वर्णित प्रावधान को जारी रखा जाए जिसमें पार्किंग के स्थान की अनिवार्यता 250 मी0 तथा उससे बड़े रिहायशी प्लाटों पर लागू होती है।

(2) ऐसा जानकारी में आया है कि कुछ समय पहले दिल्ली नगर निगम में 100 मी0 एवं इससे बड़े रिहायशी प्लाटों (मिक्सड यूज रेग्यूलेशन के अन्तर्गत सम्पत्तियों सहित) में ग्राउन्ड फ्लोर पर पार्किंग बनाने का प्रस्ताव पास कर दिया था जो बने हुए भवनों में संभव ही नहीं हैं विशेष रूप से नोटिफाइड सड़को पर जहाँ ग्राउंड फ्लोर के कर्मशियल उपयोग की इजाजत का प्रावधान मौजूद है वहाँ इस प्रकार के प्रस्तावों को लागू करना व्यवहारिक एवं संभव नहीं है अतः पार्किंग स्थान की अनिवार्यता 250 मी0 एवं बड़े प्लाटों पर ही लागू होनी चाहिए।

ड. क्रम सं0 (xvii) के सम्बन्ध में सुझाव है कि समानता को ध्यान में रखते हुए इस प्रावधान का लाभ नियमित/डी.डी.ए. कालोनी के सम्पत्ति धारको को भी दिया जाए जिसके अर्न्तगत नियमित/डी.डी.ए. कोलोनियों में (मिक्सड यूज सम्पत्तियों एवं नाटिफाइड सड़कों सहित) 175 मी0 तक के प्लाटों में मौजूद 3 मी0 ऊचें, एक मीटर तक के छज्जों को भी नियमित किया जाना चाहिए जो कि वास्तव में बुर्जुगों के सैर के लिए तथा पौधे आदि रखने के लिए बहुत उपयोगी है तथा यह बहुत संख्या में बन चुके है जिन्हें तोड़ा जाना भी व्यवहारिक एवं संभव नहीं है। यह भी सुझाव है कि जो छज्जे कवर्ड है केवल उन्हें ही एफ.ए.आर. में जोड़ा जाना चाहिए जो छज्जे कवर्ड नहीं है उन्हें FAR में नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

जिन कालोनियों के प्लाटों के साथ सर्विस लेन है वहां सर्विस लाईन की साइड छज्जों की इजाजत, स्वच्छ हवा एवं धूप की उपलब्धता तथा प्राकृतिक आपदा के समय सुरक्षात्मक उपायों को ध्यान में रखते हुए, नहीं दी जी जानी चाहिये वर्तमान में सर्विस लेन में मौजूद छज्जों को जो कवर्ड नहीं है को नियमित किया जा सकता है परंतु इनमे कवर्ड छज्जों को नियमित नहीं किया जाना चाहिये।

6. **क्रम सं0 (xix) standard plans के सम्बन्ध में :-** डी.डी.ए. द्वारा बसाई गई मार्किटों (CSC / LSC) के स्टैण्डर्ड अप्रूव्ड प्लानों को भवन उपनियमों के अनुसार संशोधित कर निर्माण करने की व्यवस्था होनी चाहिये क्योंकि लीज डीड/कनवैंस डीड के अनुसार इन पर भी समान भवन उपनियम लागू होते हैं परन्तु व्यवहारिक रूप से डी.डी.ए. इसकी इजाजत नहीं देता, जो कि वास्तव में नियमों/कानून के खिलाफ है।

7. **अतिरिक्त / अवैध निर्माण के नियमितिकरण के सम्बन्ध में :-**

(क) शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार / डी.डी.ए. ने दिनांक 22.09.06 की अधिसूचना एवं मास्टर प्लान 2021 के कई प्रावधानों द्वारा जनता को तोड़फोड़ एवं सीलिंग से राहत देने का प्रयास किया था परंतु दि0न0नि0 उसका लाभ बहुत सीमित सम्पतियों (लगभग 5000) को ही दे पाया है। वास्तव में जनता को यह लाभ देने का प्रयास पूर्ण एवं व्यवहारिक रूप से किया ही नहीं गया चूंकि अब मास्टर प्लान को वास्तविक स्थिति एवं जमीनी हकीकत के आधार पर, सुधारने (रिव्यू) करने का प्रयास किया जा रहा है अतः मेरा सुझाव है कि जनता की सम्पतियों में आज भी जारी तोड़फोड़ एवं सीलिंग को ध्यान में रखते हुए सभी सम्पतियों (रिहायशी, कमर्शियल, डी.डी.ए. मार्किट, मिक्सड लैण्ड यूज वाली सम्पतियों आदि) में मौजूद अतिरिक्त / अवैध निर्माण को (जो कि

निर्धारित ग्राउंड कवरेज / एफ.ए.आर. की सीमा में है) सरल एवं स्वयं आंकलन प्रणाली (सैल्फ एसेसमैन्ट स्कीम) के आधार पर नियमित करने हेतु प्रावधान रखे जाये। इस सम्बन्ध में दि0न0नि0 / डी0डी0ए0 निश्चित समय सीमा में यह प्रणाली /व्यवस्था जारी करे (कृपया संलग्न पृष्ठ सं 2. देखें)

(ख) दिल्ली में अवैध निर्माण बढ़ने के मुख्य कारण भवन उपनियमों का व्यवहारिक ना होना, उसके पालन की प्रणाली सरल ना होना, अफसरशाही तथा भ्रष्टाचार मुख्य हैं अतः बढ़ती आबादी एवं बढ़ते परिवार को ध्यान में रखक़र भवन उप–नियमों को सरल, तर्कसंगत एवं व्यवहारिक बनाने की ओर विशेष ध्यान दिया जाये प्रस्तावित एफ.ए.आर. पर्याप्त नहीं है, वह बढ़ाई जाये जिससे आवास समस्या हल हो और अवैध निर्माण पर अंकुश लगे। भवन उप–नियम सभी क्षेत्रों जैसे शहरीकृत गांवों आदि में भी पूरी तरह से लागू किये जायें जिसमें प्राकृतिक आपदा/भूकम्प आदि को भी ध्यान में रखा जाए। नियमों के पालन करने के साथ–2 उनका पालन कराने वालों की भी जवाबदेही निश्चित हो जिससे भविष्य में शहर का वास्तविक स्वरूप न बिगड़े। (कृप्या संलग्न पृष्ठ सं. 3. देखें)

8. **परिशिष्ट 5.O (Trade and Commerce) के सम्बन्ध में –**

दिल्ली की जनसंख्या अनुमान से अधिक बढ़ने तथा जनता के रहन–सहन के स्तर के बढ़ने के कारण मौजूदा भूमि तथा दुकानों पर दबाव को देखते हुए, भूमि के अधिकतम उपयोग को ध्यान में रखते हुए, मौजूदा व्यवसायिक केन्दों विशेष रूप से स्थानीय बाजार (एल.एस.सी.) एवं सुविधा बाजार (सी.एस.सी.) में विकास स्वरूप क्षेत्रफल अनुपात (एफ.ए.आर) को. बढ़ाया जाना चाहिये। चूंकि इन डी.डी.ए मार्किट के दुकानदारों ने कानून/मास्टर प्लान का पालन करते हुए योजनाकृत डी.डी.ए. की नियमित मार्किटों में, भारी मुनाफा डी.डी.ए. को देकर ये दुकानें खरीदी थीं अतः उन्हें सर्वप्रथम राहत एवं सुविधाएं दी जानी चाहियें। इस संदर्भ में कुछ मुख्य सुझाव निम्नलिखित हैं –

**(क) टेबल (5.4) Development Controls – Commercial Centres के सम्बंध में** :– सी.एस.सी/एल.एस.सी. की मौजूद एफ.ए.आर आज की जरूंर को देखते हुए पर्याप्त नहीं है क्योंकि जब यह मार्किटें बनी, तब से आज तक लगातार उपलब्ध वस्तुओं की श्रृंखला में वृद्धि हुई है और उपलब्ध दुकानों का क्षेत्रफल उसे पूरा करने में असमर्थ रहा है। यह एफ.ए.आर. कम से कम 210, अधिकतम ग्राउंड कवरेज 50 तथा ऊँचाई 15 मीटर होनी चाहिये। तथा जिन मौजूदा मार्किटों में प्रस्तावित एफ.ए.आर. के

अनुसार पार्किंग सम्भव नहीं है वहां 'मिक्सड यूज' सम्पतियों की तरह ही पार्किंग शुल्क (न्यूनतम) लेकर निर्माण एवं उपयोग की इजाजत दी जानी चाहिये।

(ख) यहां यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि डी.डी.ए. द्वारा बसाई गई कालोनियों में मास्टर प्लान के लैण्ड यूज प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त मार्किटों की व्यवस्था (सी.एस.सी./एल.एस.सी/सी.सी./डी.सी./एम.सी. सी) रखी गई थी। इसके बावजूद मास्टर प्लान 2021 में 'मिक्सड यूज रेग्यूलेशन' के अन्तर्गत रिहायशी सम्पतियों के व्यापारिक प्रयोग की इजाजत बढे हुए एफ.ए.आर. के साथ (100% ग्राउंड कवरेज एवं 400% एफ.ए.आर. तक) दी गई है जो कि वास्तव में इन दुकानदारों के साथ वादा खिलाफी है चूंकि इन्होंने डी.डी.ए. से इन मार्किटों में दुकानें ऊँची बोली (रिजर्व प्राइज से 5 से 15 गुणा तक) देकर इसलिये खरीदी थी कि इन नियमित कालोनियों में केवल इन मार्किटों में ही व्यापार करने की इजाजत होगी। परंतु आज इस वादाखिलाफी के कारण इन डी.डी.ए. मार्किट के दुकानदारों का व्यापार बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है और ये भुक्तभोगी की श्रेणी में आ गये हैं अतः इन्हें विशेष राहत दी जानी चाहिये।

(ग) इन सी.एस.सी. एवं एल.एस.सी. में 20% अतिरिक्त ग्राउन्ड कवरेज की इजाजत आटरियम/शैल्टर/छज्जा आदि बनाने हेतू दी जाए (जिसे एफ.ए.आर. में ना जोड़ा जाए) व्यावहारिक रूप से यह अति आवश्यक है विशेष रूप से जहां धूल मिट्टी धूप/बरसात/आंधी आदि से बचने के साधन नहीं है या प्रर्याप्त नहीं है वहाँ यह व्यवस्था जनता के साथ-साथ दुकानदारों एवं उनके माल के बचाव के लिए भी बहुत आवश्यक है।

**(घ) क्रम सं0 (5.6.2) के सम्बन्ध में :-** चूंकि कई मार्किटें सी.एस. सी/एल.एस.सी. 15-20 साल पुरानी हो चुकी है, कई स्थानों पर बुनियादी जरूरते जैसे सामान के बचाव तथा ग्राहकों की सुविधा के लिए बरामदे, शोचालय, मूत्रालय नहीं हैं या पर्याप्त/ठीक अवस्था में नहीं हैं, कहीं एसोसिएशन के कार्यालय की आवश्यकता है या कई मार्किटें सड़क के स्तर से नीची हो गई हैं जिससे बरसात का पानी एवं धूल-मिट्टी अन्दर आता है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए इनके पुर्नविकास के साथ-साथ इनके पुननिर्माण/एडीशन एवं आल्टरेशन की इजाजत भूमि उप-नियमों के तहत पूर्ण एवं व्यवहारिक रूप से व्यक्तिगत रूप से तथा सामूहिक रूप से (दोनों प्रकार से) अवश्य दी जानी चाहिए। व्यक्तिगत इजाजत के सम्बन्ध में नियम सरल किए जाने चाहिए।

(ड) भविष्य में भवन उप–नियमों के संदर्भ में अन्य नियम बनाते समय सी.एस.सी/एल.एस.सी. के हितों/समस्यओं का ध्यान रखा जाए तथा इन मार्किटों के दुकानदारों एवं एसोसिएशनों की भागीदारी को विशेष महत्व दिया जाए।

(ढ) दुकानों में अतिरिक्त दरवाजा/शटर खोलने के संदर्भ में मौजूदा शर्त के अनुसार दूसरी सम्पत्ति की ओर दरवाजा या खिड़की खोलने की इंजाजत न दी जाए क्योंकि इससे झगड़े बढ़ते है तथा दूसरे के अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी होती है तथा योजना के वास्तविक स्वरूप को क्षति पहुंचती है।

(च) इन मार्किटों/व्यवसायिक केन्द्रों में तथा इनके समीप जन–सुविधाओं जैसे शोचालय, मूत्रालय, पीने का पानी, हैण्डपम्प तथा सीवर व्यवस्था आदि को विकसित करके स्थानीय मार्किट एसोसिएशनों को सौंपे जाने चाहिए।

(छ) भवन उप–नियमों के तहत सी.एस.सी./एल.एस.सी. के मामलों में कोई भी इजाजत प्राधिकरण एवं स्थानीय निकाय की इच्छा पर केन्द्रित नहीं होनी चाहिए। जो भी नियम, शर्तें, मानदण्ड पूरा करे, उसे अनिवार्य रूप से वह इजाजत/सुविधा दी जानी चाहिए।

(ज) सी.एस.सी./डी.डी.ए. दुकानों में नीलामी के समय जो उपयोग निश्चित किया जाता है उसके उपयोग को बदलने की इजाजत नहीं होनी चाहिए। कई बार दुकान का उपयोग बदलने से उसके आस–पास के दुकानदारों व निवासियों को काफी परेशानी होती है जैसे ढाबा, हलवाई, फास्ट फूड, आटोमोबाइल, आटा चक्की, तथा अन्य ऐसे कार्य जिसमें तलना, भूनना, गन्ध, बदबू, धुआँ व प्रदूषण होता हो जिससे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है तथा उनके नागरिक अधिकारों का हनन होता है।

**(झ) क्रम सं0 (5.9) Service Markets के सम्बन्ध में :–**

(i) स्थानीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर कम किराया पद्धति आधार पर फल–सब्जी मार्किट एवं आम आदमी के लिए जनता मार्किट विकसित किये जायें जो निम्न आय–वर्ग की जरूरतों को पूरा कर सकें जिससे रेहड़ी–खोमचा पद्धति को बढ़ावा न मिले।

(ii) बिना बिकी मार्किटों की दुकानों को, जो बिक नहीं रही हैं को तथा मार्किटों के खाली प्लाटें को सेवा बाजारों के रूप में विकसित किया जा सकता है तथा कब्जे वाली सरकारी भूमि को खाली कराकर एवं बिना उपयोग की भूमि का उपयोग भी सेवा बाजारों के निर्माण के लिए अधिक सार्थक तथा सभी के हित में रहेगा। इसकी सीमा 10% से 20% तक होनी चाहिए रेहड़ी, खोमचा, खोखे आदि अवैध कब्जों से बचाव के लिए यह व्यवस्था उचित लगती है।

9. क्रम सं0 (5.10) **Informal Sector** एवं क्रम सं0 (5.10.1) **Poliy for Existing Areas के सम्बन्ध में** :– सुझाव है कि नियमित योजनाकृत कालोनियों में इनकी इजाजत केवल खाली पड़ी सरकारी भूमि पर ही होनी चाहिए ना कि कही भी या सड़को आदि के किनारों पर क्योंकि वर्तमान में ऐसा होने से कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही है जिससे इन नियमित कालोनियों का योजनाकृत स्वरूप समाप्त होता जा रहा है।

10. क्रम सं0 (7.4) **House hold/Service Industries** एवं **Annexure I (Group-A: House hold Industries) के सम्बन्ध में** :–

(क) घरेलू उद्योग की इजाजत नियमित योजनाकृत कालोनियों में बिल्कुल नहीं दी जानी चाहिए अन्यथा उनका वास्तविक उद्देश्य (जिसके अन्तर्गत नागरिकों को सभी सुविधाओं सहित स्वस्थ वातावरण एवं स्थान उपलब्ध कराया जाता है जो कि विभिन्न प्रकार की समस्याओं से मुक्त हो) ही समाप्त हो जाएगा। इसी उद्देश्य को लेकर डी.डी.एक्ट, डी.एम.सी.एक्ट एवं मास्टर प्लान की रचना की गई थी। घरेलू उद्योगों की सूची में से ऐसे कार्यों को हटाया जाए जो नागरिकों के आम जीवन व स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते है जैसे 1. स्क्रीन प्रिटिंग, 2. डेयरी उत्पाद बनाना व संसाधन 3. नमकीन/मिठाई/हलवाई का सामान बनाना 4. पी.वी.सी. उत्पाद 5. मसालों का संसाधन 6. ऑटो रिपेयरिंग 7. आटा चक्की 8. कन्फ़ेक्शनरी व बेकरी उत्पाद बनाना 9. मांस अथवा नॉन–वेज कार्य। इसके अतिरिक्त ऐसे कोई भी कार्य जिनमें तनने, भुनने, प्रदूषण एवं दुर्गन्ध हो तथा आग का उपयोग होता हो या धुंआ आदि फैलता हो जिससे वायु प्रदूषण फैलता है जिससे आँखों, एस्थमा, एलर्जी, टी.बी. रोग, खांसी, जुकाम, दिल के रोग, दिमागी परेशानी आदि रोगों को बढ़ावा मिलता है और ऐसे मरीजों को अत्यन्त कष्ट होता है एवं जनता के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव होता है।

11. भाग–9 (Chapter-9) Environment के सम्बन्ध में :–

(क) पानी–पानी जीवन के लिए एक अति अनिवार्य तत्व है जिसकी कमी भविष्य में हमारे लिए एक गम्भीर समस्या का रूप ले सकती है। इस संदर्भ में कुछ सुझाव निम्नलिखित हैं :–

(1) पीने के पानी के संरक्षण के लिए जमीन के अन्दर के पानी व अन्य स्त्रोतों का उपयोग अन्य उपयोगों जैसे सफाई, धुलाई, बागवानी, कपड़ों की धुलाई आदि के लिए अनिवार्य किया जाए।

(2) जमीन के पानी/वर्षा के पानी के सरंक्षण के लिए 250 मीटर तथा इससे ऊपर के एकल प्लाट पर बने सभी प्रकार के भवनों में वर्षा एवं भूमि जल् के सरंक्षण के उपाय अनिवार्य किये जायें एवं सख्ती से लागू भी किए जाए। जिससे पानी जो कि एक अमूल्य प्राकृतिक स्त्रोत है और जिसका कोई विकल्प नहीं है उसका सरंक्षण किया जा सके।

(3) जमीन के पानी के उपयोग को अधिक सार्थक बनाने के लिए उसकी गुणवत्ता का विकास करने की दिशा में अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाए तथा ऐसे यंत्र विकसित किए जाए जो हर भवन में लगाए जा सकें। जिससे जमीन के पानी का पूर्णत उपयोग हो सके।

(4) आजकल पार्किंग की कमी को देखते हुए बेसमेन्ट में कई मन्जिला पार्किंग बनाने पर जोर दिया जा रहा है जिसका दुष्प्रभाव जमीन के पानी की उपलब्धता पर पड़ रहा है ऐसा देखा गया है कि कई मन्जिला बेसमेन्ट को बनाने के समय वहाँ के पानी के लेवल को कम करने के लिए निर्माण अवधि के दौरान लगातार बोरिंग करके पम्पों की सहायता से पानी को नालियों में बहाया जाता है जिससे बेसमेन्ट का निर्माण कार्य बिना रूकावट हो सके। जिस कारण उस क्षेत्र के पानी का लेवल नीचे चला जाता है तथा यह कीमती पानी नालियों में बहा दिया जाता है उस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है इस सम्बन्ध में तुरन्त आवश्यक दिशा–निर्देश प्रावधान जारी करने की सख्त आवश्यकता है।

(5) पीने के पानी की मानकता/श्रेणी स्तर को बढ़ावा हेतु विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। तथा उसका दुरूपयोग जो कि कई प्रकार से हो रहा है जैसे कि मेन सप्लाई लाइनों का क्षतिग्रस्त होना तथा उनसे पानी बहना–अवैध कालोनियों में मौजदू अवैध कनेक्शन आदि इन्हें दूर करने की अत्यन्त आवश्यकता है।

(ख) भाग (9.1.2) **AIR के सम्बन्ध में** मेरा सुझाव है कि दिल्ली में स्वच्छ हवा/हवा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए बहुत ही व्यावहारिक प्रयासों की आवश्यकता आज भी है दिल्ली में हवा की वर्तमान स्थिति (संलग्न प्रति सं0 6-7 देखें) के सम्बन्ध में समाचार पत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्र्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली को एक बार फिर से देश का सबसे प्रदूषित महानगर घोषित किया गया है जहां हवा में प्रदूषण के साथ साथ फोग तथा धूल भी बढ़ रही है जो कि नागरिकों के स्वस्थ को भारी नुकसान पहुंचा रहे है मेरी जानकारी के अनुसार दिल्ली में बढ़ते वाहनों के अतिरिक्त भी कई अन्य मुख्य निम्नलिखित कारण है जो दिल्ली के वातावरण में प्रदूषण एवं धूल को बढ़ा रहे है।

(1) सबसे पहला कारण डी.डी.ए. द्वारा दिल्ली की रिहायशी कालोनियों के घरों में व्यापारिक/व्यावसायिक उपयोग की (मिक्सड यूज रेग्यूलेशन) द्वारा असीमित इजाजत देना है जिसके अन्तर्गत हलवाई कार्य, फास्ट फूड, ढाबा, डेयरी उत्पाद बनाना, आटा चक्की, आटो रिपेरिंग, मीट आदि की दुकाने शामिल है जो कि जनता के स्वास्थ्य को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचा रही है इन सभी कार्यकलापों/गतिविधियों में किसी ना किसी रूप में कोयला/लकड़ी/तथा आग का प्रयोग होता है तथा इसमें भारी मात्रा में तलना, भूनना, उबालना भी शामिल है जिसमें विभिन्न प्रकार से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है निवासियों/जनता में आखों, अस्थमा, एलर्जी, टी.बी. एवं अन्य छाती रोग, दिल की बीमारी, दिमागी परेशानी आदि रोगो को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है और उक्त सभी कार्यकलापों से ऐसे मरीजों को अत्यन्त कष्ट होता है।

(2). एक अन्य कारण कूड़ा करकट/पत्तियां आदि जलाना भी है अधिकतर देखा गया है स्थानीय निकायों के सफाई कर्मचारी/उद्यान विभाग के कर्मचारी कूढ़े/पत्तियों के शीघ्र निपटान के उद्देश्य इनमें आग लगा देते है जिससे भारी मात्रा में वायु में प्रदूषण फैलता है ऐसा कई बार आम कम पढ़े लिखे नागरिक भी (विशेष रूप से अवैध कालोनियों/झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र/इन्डस्ट्रीयल एरिया आदि में) ऐसा करके वायु प्रदूषण को बढ़ावा देते है इस सम्बन्ध में भी आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है।

(3) वायु में तेजी से बढ़ती धूल के कारण भी जनता के स्वास्थ्य (विशेष रूप से अस्थमा/एलर्जी के मरीजों पर) प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है जिसके

कई कारण है जिसमें विभिन्न स्थानीय विकास जहां भी विकास कार्य करते है वहां लापरवाही पूर्वक कई बार खुदाई करके कई दिन तक छोड़ देते है या कई बार खुदाई के बाद का कार्य दूसरे विभाग ने करना होता है जो कि समय पर नहीं होता या कई बार विभिन्न निकायों/विभागों के आपसी तालमेल ना होने के कारण या विकास कार्य समाप्त होने के पश्चात बचा हुआ बिल्डिंग मैटीरियल पड़ा रहने के कारण जब वहाँ वाहन चलते है तो धूल उड़कर हवा को प्रदूषित करती है।

(4) ऐसा भी देखा गया है कि स्थानीय निकायों के सफाई कर्मचारी जब कूड़ा करकट उठाते हैं तो नीचे की धूल मिट्टी वहीं छोड़ देते हैं जो कि वहां इकट्ठी होती रहती है जो कि बाद में चलने वाहनों से उड़कर हवा में मिल जाती है या स्थानीय निकायों के सफाई कर्मचारी दिन में सफाई कार्य करते हैं तब चलते वाहनों के कारण भी धूल हवा में मिल जाती है।

इस प्रकार की धूल से बचाव हेतु आवश्यक उपाय जैसे कि सड़कों की सफाई का कार्य रात्रि में तथा मशीनी वाहनों द्वारा किया जाना चाहिये जिससे वायु में धूल की मात्रा कम हो जाये।

(ग) **भाग (9.6) Green Belt के सम्बन्ध में :–** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विकास के नाम पर भवन निर्माण के लिये कृषि भूमि की बिक्री एवं पेड़ों की कटाई, लगातार जारी है इसके अतिरिक्त वन–क्षेत्रों आदि में अतिक्रमण भी हरित क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं यह गंभीर विचार करने योग्य विषय है कि पर्याप्त हरित क्षेत्र ना होने की स्थिति में दिल्ली में बढ़ती जनसंख्या को पर्याप्त ऑक्सीजन एवं स्वस्थ वातावरण कैसे मिलेगा अतः भू–निर्माण के साथ–साथ हरित क्षेत्र को बढ़ाने एवं संरक्षित करने हेतु आवश्यक कदम उठाकर सही पालन कराया जाना चाहिये।

(घ) स्थानीय स्तर पर बच्चों के खेलने के लिये स्थान/मैदान तथा जिला स्तर पर मल्टीपरपज मैदान (पार्किंग सुविधा सहित) की उपलब्धतता सुनिश्चित की जानी चाहिये। सरकार/स्थानीय निकायों का यह दायित्व है कि जनता को साफ, प्रदूषण मुक्त स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराये।

**12. भाग (12) Transportation के सम्बंध में :–**

दिल्ली में बढ़ती आबादी एवं विभिन्न क्षेत्रों की मांग के अनुसार तथा एन.सी.आर. को ठीक प्रकार से जोड़ते हुए पर्याप्त मात्रा में सुविधाजनक

सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं को समय पर उपलब्ध नहीं कराया गया है जिसंसे दिन प्रतिदिन निजी वाहन एवं उनका उपयोग बढ़ता जा रहा है जिससे प्रदूषण एवं पार्किंग आदि कई समस्याएं भी बढ़ रही हैं हालांकि मैट्रो के आने से कुछ सुधार हुआ है परंतु वह अभी भी अपर्याप्त है उसमें दिन प्रतिदिन बढ़ती यात्री संख्या / भीड़ इसका उदाहरण है अतः इस सम्बंध में भी विशेष प्रयास, कार्यनीति बनाकर उसे जल्द अमल में लाया जाना चाहिये।

इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार क्षेत्रीय एवं आन्तरिक क्षेत्रों में सुविधानुसार मिनी बसें एवं सोलर रिक्शे आदि चलाने पर भी ध्यान दिया जाना चाहिये जिस प्रकार मैट्रो सेवा एवं ग्रामीण सेवा चल रही है। तथा साईकिलों तथा साइकिल रिक्शा हेतु भी सब–लेन होनी चाहिये जिससे रिक्शा का आवागमन नियमपूर्वक हो सके (फिलहाल रिक्शा चालक ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते)।

**13 भाग (12.13) Parking के सम्बन्ध में :–**

पार्किंग की समस्या के निदान के लिए मास्टर प्लान में वर्णित उपायों एवं अन्य आवश्यक उपायो पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया है इस सम्बन्ध में त्वरित कार्यवाही करने की आवश्यकता है इस सम्बन्ध में कुछ अन्य सुझाव निम्नलिखित है।

(क) मौजदूा सरकारी उपक्रम/न्यायालय/स्थानीय कार्यालय/अस्पताल आदि स्थानों पर जहाँ आम जनता का निरन्तर आना–जाना है, ऐसे स्थानों के ऩजदीक अतिरिक्त कई मंजिल पार्किंग व्यवस्था कम लागत तथा शुल्क आधार पर निजी संस्थाओं/व्यक्तियों के सहयोग से बढ़ाई जानी चाहिए।

(ख) स्थानीय कालोनियों निकाय/दिल्ली नगर निगम/बिजली/पानी तथा निजी कार्यालयों में खाली पड़े स्थान पर ग्रुप हाऊसिंग सोसायटी आदि में भूमिगत/कई मंजिला (जैसा संभव हो) पार्किंग स्थल बनाए जाएं और इसको एफ.ए.आर. में न जोड़ा जाए। मैट्रो स्टेशनों/बस स्टाप/मुख्य मार्गों से अन्दर कालोनियों की ओर छोटी मिनी बसों की ओर ज्यादा ध्यान दियां जाये। जहां अतिरिक्त पार्किंग की आवश्यकता हो, ऐसे परिसरों में ही खाली स्थान को निजी क्षेत्रों द्वारा विकसित कराकर उनको पट्टे पर दिए जा सकते हैं जिससे पार्किंग की समस्या में सुधार हो और अवैध पार्किंग के कारोबार को बढ़ावा न मिले।

(ग) कालोनियों के अन्दर तथा 'मिक्सड यूज रेग्यूलेश्नस' के अन्तर्गत नोटिफाइड सड़को के पास मौजूद खाली प्लाटो/खेल के मैदानों/पार्को में भूमिगत या भूतल पर (जैसा भी संभव हो) नियमित पार्किंग स्थल विकसित किए जाए जहाँ पार्किंग शुल्क न्यूनतम दर पर हो इस सम्बन्ध में माननीय मंत्री महोदय ने भी निर्देश जारी किए है (कृप्या संलग्न प्रति सं0 देंखे)।

(घ). मान्य (एपूवर्ड) पार्किंग स्थलों के जल्द निर्माण एवं विकास के साथ–साथ यह भी आवश्यक है कि इन नियमित पार्किंग स्थलों पर शुल्क न्यूनतम दर पर हो जिससे जनता नियमित पार्किंग स्थलों का प्रयोग खुशी से करे और अवैध पार्किंग स्थलों को भी बढ़ावा ना मिलें (सड़को आदि पर गाड़ी पार्क करने की अपेक्षा)।

(ड) जिन पार्को के भूमिगत पार्किंग बनाई जाए उनके ऊपर पुनः पार्क/खेल के मैदान विकसित कर दिए जाए जिससे कालोनी का मूल स्वरूंप बना रहे।

(ढ़) आजकल पार्किंग की कमी को देखते हुए बेसमेन्ट में कई मन्जिला पार्किंग बनाने पर जोर दिया जा रहा है जिसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव जमीन के पानी की उपलब्धता पर पड़ रहा है ऐसा देखा गया है कि कई मन्जिला बेसमेन्ट को बनाने के समय वहाँ के पानी के लेवल को कम करने के लिए निर्माण अवधि के दौरान लगातार बोरिंग करके पम्पों की सहायता से पानी को नालियों में बहाया जाता है जिससे बेसमेन्ट का निर्माण कार्य बिना रूकावट हो सकें। जिस कारण उस क्षेत्र का पानी का लेवल नीचे चला जाता है तथा यह कीमती पानी नालियों में बहा दिया जाता है उस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है इस सम्बन्ध में तुरन्त आवश्यक दिशा–निर्देश, प्रावधान जारी करने की सख्त आवश्यकता है।

(च) विभिन्न स्थानों पर कैटरिंग वैनों का चलन तथा पटरी या सड़क के किनारे तहबाजारी का चलन बढ़ता जा रहा है इस पर भी अकुंश लगाने की आवश्यकता है।

(छ) कई सरकारी निकाय/विभाग भी जैसे दिल्ली न.नि. एवं डी.टी.सी. आदि अपनी खाली जमीन का इस्तेमाल व्यापारिक/व्यवसायिक भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित कर रहे है इनकी बजाए यहाँ पार्किंग की व्यवस्था की संभावनाओं पर विचार करना चाहिए।

14. भाग (12.15) में **Development Controls for Metro Stations** के सम्बन्ध में

मेरा सुझाव है कि मैट्रो परिसर में भारी मात्रा में व्यापारिक/व्यासायिक गतिविधिया नहीं होनी चाहिए (जैसे की वर्तमान में जारी है) जो कि वास्तविक स्वरूप को बिगाड़ती है तथा सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरनाक है वहाँ भूमि का व्यापारिक प्रयोग केवल यात्रियों की आवश्यक सेवाओं तक ही सीमित होना चाहिए जो कि निर्मित क्षेत्र के ग्राउन्ड कवरेज के 5% से अधिक ना हो तथा रास्तो में भी ना हो।

15. भाग (13.1) **Health** एवं चार्ट सं0 (13.1) के सम्बन्ध में

मेरा सुझाव है कि राजधानी दिल्ली में आज भी जनसंख्या के हिसाब से प्रर्याप्त उचित मूल्य पर चिकित्सिए सुविधाएं उपलब्ध नहीं है तथा तेजी से बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए इस चार्ट में दिए गए मानदण्ड आवश्यकतानुसार प्रर्याप्त नहीं है अतः निवेदन है कि उचित मूल्य पर स्वांस्थ्य चिकित्सा सुविधाएं सभी को मिल पाएं ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए।

16. भाग (13.2) **Education** के सम्बन्ध में मेरा सुझाव है कि :–

मिडिल एवं सीनियर सैकेन्डरी स्कूलों के लिए पार्किंग सीमा को बढ़ाया जाना चाहिए (@ 3 Ecs/100 sqm. of floor area) तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इस पार्किंग के स्थान का उपयोग हो क्योंकि अधिकतर देखा गया है कि स्कूल के वाहन स्कूलों के बाहर ही खड़े रहते है जिससे ट्रैफिक की व्यवस्था में व्यवधान पैदा होता है।

इसके अतिरिक्त मेरा यह भी सुझाव है कि शिक्षण संस्थानों में बैंको/ए.टी.एम. आदि अन्य गतिविधियों की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए यदि किसी कारणवश यह इजाजत दी जाती है तो यह सुनिश्चित किया जाए कि उससे होने वाली आय का इस्तेमाल मैनेजमेन्ट, छात्रो के वेलफेयर में तथा गरीब बच्चों की शिक्षा में करें ना कि पैसा कमाने के उद्देश्य से।

17. भाग (13.3) **Sports Facilities** के सम्बन्ध में

मेरा सुझाव है कि चूंकि स्थानीय स्तर पर बच्चों के शारीरिक विकास एवं खेलने के लिए निःशुल्क खेल के मैदान (स्पोटर्स काम्पलेक्सों को छोड़कर) उपलब्ध नहीं है अतः स्थानीय/क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे निशुल्क खेल के मैदानों की उपलब्धता पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

**18. भाग (13.5) Security - Police के सम्बन्ध में :–**

मेरा सुझाव है कि इस सम्बन्ध में जो मानदण्ड चार्ट नं0 13.10 (Planning Norms & Standards for Security (Police) Facilities) में दिए गए है वह दिल्ली में बढ़ती आबादी के साथ साथ तेजी से बढ़ रहे अपराधों की रोकधाम को ध्यान में रखते हुए प्रर्याप्त नहीं है।

आज जितने भी थाने या पुलिस कार्यालय है वहां ना तो प्रर्याप्त सुरक्षा अधिकारी/कर्मचारी है और ना ही प्रर्याप्त स्थान व सुविधाएँ है जबकि दिल्ली देश की राजधानी होने के कारण एक विशेष स्थान रखती है अतः मेरा सुझाव है कि इस चार्ट में दिए गए मानदण्डों में राहत दी जाए और जनसंख्या के अनुसार पुलिस परिसरों की उपलब्धता बढ़ाई जाए तथा साथ–साथ उनके प्लाटों के साइज भी बढ़ाए जाए क्योंकि आज भी आप जिस थाने में जाते है वहाँ प्रर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं होने के कारण जब्त वाहन, परिसर के बाहर तक पड़े रहते है।

**19. भाग 13.6.2 के सम्बन्ध में :–**

राजधानी में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की उपलब्धता भी प्रर्याप्त नहीं हैं और जो प्रावधान इस भाग में दिए गए है कि अग्नि सुरक्षा वाहन घटना स्थल पर 3–5 मिनट में पहुँच जाए परन्तु वास्तव में व्यवहारिक रूप से ऐसा नहीं हो रहा है।

**20. भाग (13.6.3) Disaster Management Center :-** इस सम्बन्ध में हम आजतक राजधानी दिल्ली प्रर्याप्त व्यवस्था नहीं कर पाए है जो भी योजनाएं है वह फाइलों में ही बन्द है दिल्ली में एक छोटी सी दुर्घटना हो जाए, तो राहत कार्य किस प्रकार होते है यह किसी से छुपे नहीं है अतः मेरा सुझाव है कि इस सम्बन्ध में भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

**21. भाग (15) Mixed Use Regulations के सम्बन्ध में सुझाव निम्नलिखित है :–**

1. सर्वप्रथम रिहायशी परिसरों में व्यापारिक गतिविधियों की अनुमति का दायरा बहुत बढ़ा (अनियत्रित मात्रा में) दिया गया है जिसके अर्न्तगत नियमित योजनाकृत कालोनियों की छोटी सड़को (13.5 मीटर से कम) पर भी पूर्णत व्यपारिक उपयोग की अनुमति दे दी गई है जिससे स्थानीय निवासियों की समस्याएं बढ़ रही है जो कि क्रम स0 (15.1) Governing Principles for Mixed Use के अनुसार नहीं है। अतः यह इजाजत स्थानीय निवासियों को होने वाली विभिन्न समस्याओं एवं उनके के मौलिक अधिकारों के सरंक्षण को ध्यान में रखते हुए नियमित कालोनियों में 13.5

मीटर से छोटी सड़को पर व्यापारिक उपयोग की इजाजत नहीं होनी चाहिए।

2. **क्रम सं0 15.3.2 (4) Group Housing in all Categories of Colonies के सम्बन्ध में** सुझाव है कि प्रोफेशनल गतिविधि (क्रम. सं. 15.8 के अनुसार) तथा टयूशन सेन्टर की अनुमति किसी भी फ्लोर पर दी जानी चाहिए परन्तु खुदरा दुकानों की अनुमति, को–आपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों में नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि ये सोसाटियां योजनाकृत नियमित कालोनियों में बसी है जहाँ प्रर्याप्त (लेन्डयूज प्लान के अनुसार) कर्मशियल स्थान उपलब्ध कराए गए है।

3. **क्रम सं0 (15.3.3) Notification of Mixed Use Streets in Urban Areas के सम्बन्ध में सुझाव है कि :–**

(क). मिश्रित भू प्रयोग की सड़को पर चूंकि मिश्रित भू प्रयोग (रिहायशी एवं कर्मशियल) है अतः विशेष सावधानी एवं कुछ विशेष प्रावधानों की अत्यन्त आवश्यकता है इन सड़को पर मिश्रित उपयोग में 15.5 एवं 15.6.2. में उल्लेखित जिन गतिविधियों की इजाजत नहीं है, यह बिल्कुल सही है। इसके अतिरिक्त जिन गतिविधियों से सामान्य जनजीवन प्रभावित होता है, उसकी इजाजत नहीं दी जानी चाहिए जैसे हलवाई का सामान बनाना, दूध, दही, पनीर, घी बनाना, तलना, भूनना, तंदूर, ढाबा, वैल्डिंग के कार्य इत्यादि या जिनमें आग का प्रयोग होता हो और गन्ध/बदबू/प्रदूषण आदि फैलता हो जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और एलर्जी/अस्थमा/खांसी/जुकाम/टी.बी. रोग/हृदय रोग/आँखों के रोग तथा दिमागी परेशानी आदि को बढ़ावा मिलता है। (कृप्या संलग्न पृष्ठ सं. देखें)।

(ख) किसी भी कार्य की इजाजत में अथवा उपयोग के बदलाव के समय उस भवन के निवासी के एतराज को ध्यान में रखना चाहिए। यदि उस निवासी को उस कार्य से आपत्ति हो तो उस गतिविधि की इजाजत नहीं होनी चाहिए। चूंकि वह मूल रूप से रिहायशी भूमि है और उस भवन के निवासी की सुविधा एवं स्वस्थ एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण पर विशेष ध्यान दिया जाना उसका पहला अधिकार एवं सरकार का कर्तव्य है जिससे उसके संवैधानिक अधिकारों का हनन ना हो। क्योंकि कुछ कार्य/गतिविधियां ऐसी होती है जिसका पूर्णतः वर्णन नहीं किया जा सकता परन्तु वह निवासी के रहन सहन पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है उदाहरण के तौर पर डेयरी प्रोडक्ट की दुकान में दूध के बर्तन (बड़े या

वजनी) आदि जब पटक कर रखते है तो उस भवन में रहने वालो को उससे काफी परेशानी होतीं है जिससे दैनिक दिनचर्या जैसे सोना/पूजा (उसकी धमक एवं आवाज से) तथा बच्चों की पढ़ाई आदि में व्यवधान होता है।

(ग). मिश्रित उपयोग क्षेत्रों में समय की पाबन्दी निश्चित हो, प्रातः 10 बजे से .साय 8 बजे तक, जिससे स्थानीय निवासियों को असुविधा न हो। क्योंकि ऐसा देखने में आया है कि वर्तमान में समय की सीमा ना होने के कारण उस भवन या आसपास के निवासियों को बहुत परेशानी होती है तथा उनकी दैनिक दिनचर्या/बच्चों की पढ़ाई/मरीजों को तथा निवासी के स्वास्थ हेतू आवश्यक नींद हेतू जरूरी शान्त वातावरण में व्यवधान उत्पन्न होता है जो कि उनके मौलिक अधिकारों का हनन है।

**4.(क) क्रम सं0 15.4 में वर्णित भाग (In Residential Plotted Development)** में जो शर्तें लिखी है वह पूर्णतः स्पष्ट नहीं हैं और व्यवहारिक भी नहीं है अतः आज तक उनका पालन भी नहीं हो पाया है इसे हटाया जाना चाहिए।

**(ख). इसी भाग में को–आपरेटिव वर्णित ग्रुप हाउसिंग के सम्बन्ध में** वर्णित इजाजत में "and Tuition Centers for school Children only" जोड़ा जाना चाहिए आज के समय में बच्चों में शिक्षा के स्तर को बनाए रखने के लिए यह व्यवहारिक रूप से बिल्कुल ठीक है। को–आपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों में रिटेल शाप की अनुमति बिल्कुल नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि यह एक सामूहिक सम्पत्ति होती है और इससे सोसायटी बनाने का मूल उद्देश्य एवं वास्तविक स्वरूप समाप्त हो जाता है। केवल नई को–आपरेटिव सोसायटिओं के ले आउट प्लानों में ही रिटेल शाप की अनुमति दी जानी चाहिए।

**(ग). इसी भाग में वर्णित Other Terms and Conditions की उपक्रम सं0 (iii) व्यवहारिक नहीं** है और ना ही इसका पालन सुनिश्चित हो सकता है अतः इसे हटाया जाना चाहिए इसी भाग की उपक्रम सं0 (iv) बिल्कुल भी व्यवहारिक नहीं है अतः इसे भी हटाया जाना चाहिए क्योंकि सामने के सेटबेक को बिना शर्त छोड़ने की शर्त व्यवहारिक नहीं है क्योंकि सड़क तल से उसकी ऊंचाई दो फुट से चार फुट तक होती है। ऐसे में जनरल पार्किंग के लिए उसका उपयोग सम्भव नहीं पाता है। कई भवनों में कुछ हिस्सों पर अलग–अलग मालिक होते हैं या कब्जा होता है। ऐसे में सामने

के सेटबैक को छोड़ना/उपयोग व्यावहारिक रूप से सम्भव नहीं है। इसके अतिरिक्त उनसे (24 कैटेगिरी की 20 मीटर की दुकानों को छोड़कर) पार्किंग शुल्क भी दि.न.नि. वसूल कर रही है। यदि आवश्यकता हो तो क्रम सं0 15.6.3. के मामलों में, जिसमें कालोनी के अन्दर छोटी दुकानों की इजाजत है, वहाँ यह प्रावधान लागू किया जा सकता है चूंकि वहां पार्किंग शुल्क पूर्णतः माफ है। तथा वहां छोटी गलियां होने के कारण फ्रंट सेट बैक खाली छोड़ने की शर्त रखी जा सकती है।

**(घ) उपक्रम सं0 (vi) के सम्बंध में** – पार्किंग स्थलों के विकास हेतु स्थानीय निकायों द्वारा कालोनियों के खाली पडे स्थानों या पार्कों में भूमि तल में पार्किंग का विकास करके ऊपर पुनः पार्क तथा बच्चों के खेल के मैदान आदि विकसित किये जाने चाहिये इस मद में दि0न0नि0 सभी उपयोगकर्ताओं से (24 कैटेगरी की 20 मी0 तक की दुकानों को छोड़कर) पार्किंग शुल्क ले रहा है।

(ड) क्रम सं0 15.5 एवं 15.6.2 में ऐसी सभी गतिविधियों को 'non permissible uses' में शामिल किया जाये जो कि निवासी/नागरिकों के स्वास्थ्य या जानमाल को किसी भी रूप से नुकसान पहुंचाते हैं क्योंकि नागरिकों के स्वास्थ्य/जान/माल की रक्षा करना सरकार का प्रथम कर्तव्य है।

इसके अतिरिक्त मीट आदि की दुकान तथा कार–स्कूटर एसेसरीज/सेल परचैज की दुकान की इजाजत भी नहीं दी जानी चाहिये।

**6. क्रम सं0 15.6.3 के सम्बन्ध में :–**

(क) 24 कैटेगरी की 20 मीटर तक की दुकानें जिनको कालोनियों के अन्दर छोटी गलियों एवं सड़कों / क्षेत्र में भी खोलने की इजाजत दी गई है और एक भवन में चार दुकानें तक खोलने की इजाजत दी गई है वास्तव में इससे रिहायशी क्षेत्रों के निवासियों की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जिसके कारण आपसी वाद विवाद एवं शिकायतें भी बढ़ रही हैं वास्तव में इससे नियमित कालोनियों के योजनाकृत मूल स्वरूप का आधार ही समाप्त हो गया है अतः मेरा सुझाव है कि व्यावहारिक रूप से तो नियमित कालोनियों के आन्तरिक क्षेत्रों (13.50 मीटर से कम सड़कों पर) यह इजाजत होनी ही नहीं चाहिये और यदि मानवीय आधार पर यह इजाजत दी जाती है तो एक भवन में 20 मी0 तक की केवल एक दुकान, जो आज मौजूद है, की ही इजाजत दी जानी चाहिये। और भविष्य में नए

प्रतिष्ठान खोलने की इजाजत ना दी जाये अन्यथा भविष्य में स्थिति बहुत विकट हो जायेगी क्योंकि मौजूदा समस्याओं के अतिरिक्त कमर्शियल भूमि अधिक तथा रिहायशी भूमि कम होती जा रही है। (कृप्या संलग्न पृष्ठ सं. देखें)

(ख) इन छोटी दुकानों में अनुमत कुछ कार्य जैसे कि डेयरी प्रोडेक्ट, आटा चक्की, स्वीट शाप या चाय आदि की दुकानों का पूरी तरह दुरूपयोग हो रहा है वास्तव में इन दुकानों में केवल सामान बेचने की इजाजत है जबकि यहां खुले रूप से ऐसे क्रियाकलाप हो रहे हैं जो कि फैक्टरी एरिया में होने चाहिये जैसे कि घी–पनीर व मक्खन आदि बनाना / मिठाइयां–नमकीन आदि बनाना जो कि इन निवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकुल प्रभाव डाल रहे हैं। इसके अतिरिक्त मीट एवं मछली की दुकान एवं पान की दुकानें भी इन आन्तरिक क्षेत्रों में बिल्कुल भी व्यावहारिक नहीं है इससे भी कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं अतः इस सम्बन्ध में मेरा सुझाव है कि इन छोटी दुकानों में किसी भी प्रकार से तलने, भूनने, उबालने, सामान पटकने जैसे कार्य या कोई भी ऐसी गतिविधि जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हो, की इजाजत नहीं दी जानी चाहिये अतः यह कार्य इस श्रेणी से हटा दिये जाये तथा बाकी वर्णित कार्यों की इजाजत के लिये उस भवन के निवासी एवं आस–पास के मकान में रहने वालों का अनापत्ति पत्र अनिवार्य किया जाये।

ग) **क्रम सं0 15.4 (iv) में** वर्णित फ्रन्ट सैट बैक को पार्किंग हेतु खुला रखने की शर्त को इन छोटी दुकानों पर लागू रखा जा सकता है क्योंकि दि0न0नि0 इनसे पार्किंग शुल्क भी नहीं लेता तथा कालोनी के आन्तरिक क्षेत्र छोटी गलियां होने के कारण यह व्यवहारिक लगता है।

घ) अतः कालोनी के आन्तरिक क्षेत्र/आन्तरिक सड़कों पर दी जाने वाले चार दुकानें खोलने की छूट पर छोटी गलियां होने के कारण निम्नलिखित कारणों से पुनः विचार की आवश्यकता है।

1. छोंटी गलियों मे अधिक मात्रा में व्यावसायिक प्रयोग के कारण वहां रहने वाले निवासियों का जन–जीवन निश्चित रूप से प्रभावित होता है।

2. इस कारण से उनकी सुरक्षा को खतरे की सम्भावनायें बढ़ रही हैं।

3. पर्यावरणीय वातावरण भी अधिक दूषित हो रहा है।

4 छोटी सड़कों / गलियों की ड्रेनेज / पानी व्यवस्था पर आवश्यकता से अधिक बोझ पडने से वहां के निवासियों की समस्याएं बढ़ रही हैं।

5. इन छोटे स्थानों में पार्किंग की समस्या बहुत विकट हैं।

7. **क्रम सं. 15.7.4 बैंकेट हाल के सम्बन्ध में** मेरा सुझाव है कि रिहायशी क्षेत्रों में (नोटीफाइड कमर्शियल सड़कों सहित) बैंक्वेट हाल की इजाजत बिल्कुल नहीं होनी चाहिये क्योंकि इन क्षेत्रों मे इसकी इजाजत से निवासियों का जीवन बहुत प्रभावित होगा/हो रहा है जिसके बहुआयामी दुष्परिणाम निकलेंगें इस सम्बन्ध में अधिकतर आर०डबल्यू०ए० पहले ही विरोध दर्ज करा चुकी है (कृप्या संलग्न पृष्ठ स० 8, देखें)

8. **क्रम सं० 15.9 के सम्बन्ध में** उपयोगकर्ता के रजिस्ट्रेशन के सम्बन्ध में उसके द्वारा दि०न०नि० में रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक है यदि कोई रजिस्टर्ड उपयोगकर्त्ता भविष्य में व्यापार या उपयोग या उपयोग हो रहे क्षेत्र (एरिया ज्यादा या कम करना) या उसकी स्थिति में कोई परिवर्तन करता है तो उस सम्बन्ध में क्या व्यवस्था होनी चाहिये यह स्पष्ट नहीं है अतः इस सम्बन्ध मेरा सुझाव है कि एक बार रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा कराने के पश्चात किसी बदलाव की स्थिति में यदि आवश्यकता है तो केवल बदलाव की साधारण सूचना स्थानीय निकाय को देना ही पर्याप्त होना चाहिये क्योंकि वास्तव में उपयोग कर्त्ता रजिस्ट्रेशन शुल्क देकर अपना रजिस्ट्रेशन पहले ही करा चुका होता है।

